संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)
(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)
E. Mail:- registrarsuaa@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक–715 /परीक्षा/2023 अम्बिकापुर, दिनांक, 27/06/2023

## //अधिसूचना//

विश्वविद्यालय के अधिसूचना क्रमांक 687/परीक्षा/2023 दिनांक 08.06.2023 के अनुक्रम में छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने हेतु प्रथम चरण की प्रक्रिया विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.sggcg.in ) पर दिनांक 28.06.2023 से प्रारम्भ किया जा रहा है। तिथि एवं समय निम्नानुसार है :–

| क्र. | विवरण | तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| | प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि | |
| 1 | (क) स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष हेतु (समस्त संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) विश्वविद्यालय के पार्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने एवं समाप्त होने की तिथि | दिनांक 28.06.2023 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 12.07.2023 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक |
| 3 | ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन उपरान्त प्रवेश आवेदन में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने की तिथि | दिनांक 28.06.2023 समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 12.07.2023 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक |
| 4 | प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की Merit सूची महाविद्यालयों द्वारा पोर्टल में लॉगिन कर M.S. Excel Forment में डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 13.07.2023 |
| 5 | प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची का परीक्षण कर महाविद्यालय में संबंधित पाठ्यक्रम/विषय समूह के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या अनुसार मेरिट/चयन सूची जारी करने एवं महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने/वेबसाईट पर अपलोड करने तथा मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में प्रदर्शित करने हेतु Add to Merit करने एवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से माध्यम से मेरिट की सूचना SMS के माध्यम से प्रेषित करने की तिथि | दिनांक 13.07.2023 |
| 6 | प्रवेश हेतु संबधित पाठ्यक्रम/विषय समूह के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित सीट संख्या अनुसार जारी की गई मेरिट/चयन सूची निर्धारित सीट संख्या अनुसार जारी की गई मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की शैक्षणिक अभिलेखों की जॉच महाविद्यालय स्तर पर गठित प्रवेश समिति से कराने उपरान्त प्रवेश देने तथा प्रवेशित छात्रों की User ID को पोर्टल में लॉक करने की तिथि | दिनांक 14.07.2023 से दिनांक 19.07.2023 |

प्रवेश समिति निर्देशानुसार
परीक्षा विभाग
O/C
28/6/23

Scanned by TapScanne

राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के अतर्गत संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर के पंजीकृत छात्र–छात्राओं को नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी (National Academic Depository) डिजीलॉकर (Digilocker) एवं एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (Academic Bank of Credit) में पंजीयन अनिवार्य रूप से करना है। जानकारी हेतु दिए गये लिंक पर क्लिक करें।

https://youtube/EFoC_2rsQNK

https://www.digilocker.gov.in/

https://www.abc.gov.in/

https://www.abc.gov.in/resources.php

- सत्र 2023–24 में विश्वविद्यालय के पार्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रमों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु प्रति ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क (त्रुटि सुधार शुल्क सहित) राशि रू. 48/–(अड़तालिस रूपये) निर्धारित है। ऑनलाईन शुल्क भुगतान हेतु बैंक द्वारा लिए जाने वाले अन्य चार्जेस का भुगतान आवेदकों को पृथक से करना होगा।
- किसी एक पाठ्यक्रम जैसे – बी.ए. भाग–एक में प्रवेश हेतु ऐक बार ऑनलाईन पंजीयन तथा आवेदन शुल्क का भुगतान कर एक से अधिक महाविद्यालय, जहाँ आवेदक छात्र/छात्रा द्वारा चयन किये गये पाठ्यक्रम/विषय समूह संचालित होता है, का चयन कर सकते है। पृथक–पृथक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पृथक–पृथक ऑलनाईन पंजीयन तथा पंजीयन एवं आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।
- आवेदक छात्र/छात्रा द्वारा अंग्रजी माध्यम हेतु पोर्टल में अंग्रजी माध्यम के महाविद्यालय को लाल कलर से दर्शाया गया है। जिसका चयन छात्र/छात्राओं द्वारा किया जा सकता है।
- विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक सूचना महाविद्यालय से संबंधित जानकारी कार्यरत शिक्षको की जानकारी, संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु निर्धारित एवं उपलब्ध सीट/छात्र संख्या पाठ्यक्रम की अवधि (वर्ष/सेमेस्टर) प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता आदि का विवरण सहित अन्य सुसंगत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।
- कोविड–19 के कारण उत्पन्न परिस्थतियों में उपरोक्तानुसार जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र/छात्राएँ एवं उनके परिजन/अभिभावक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में आते है तो संबंधितों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बाचाव/रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु छ.ग. शासन एवं संबंधित जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
- विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए जारी किये गये प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत एवं अकादमिक कैलेण्डर का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।
- विश्वविद्यालय के पोर्टल मे प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया हेतु विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किया जा रहा है। पोर्टल पर अपलोड किये गये का अवललोकन करने उपरान्त ही प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा शुल्क भुगतान करेंगे। ऑनलाईन आवेदन करने पश्चात आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रशीद प्रिन्ट आउट कर रख लेवें।
- महाविद्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले मेरिट सूची/चयन में स्थान प्राप्त होने पर छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन प्रवेश आवेदन, भुगतान की गई शुल्क का रसीद का प्रिन्ट आउट एवं समस्त अनिवार्य/आवश्यक दस्तावेज जैसे–कक्षा 10 वीं कक्षा 12वी. की अंकसूची/संबधित बोर्ड/मंडल द्वारा इंटरनेट पर जारी परीक्षा परिणाम की प्रति (संबंधित विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाणित) जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, पहचान प्रमाण–पत्र जैसे आधार आदि की छायाप्रति तथा स्थानातरंण प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, संबंधित बोर्ड/मंडल द्वारा जारी माईग्रेसन प्रमाण–पत्र, की मूल प्रति प्रवेश के समय महाविद्यालय में प्रवेश समिति/प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सत्र 2023–24 के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण–पत्र के संबंध में निर्देश का पालन करना अनिवार्य होगा।
- कार्यालय कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, ब्लॉक सी–3 द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावत्ती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक 3948/1253/आउशि/सम./2023 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 01.06.2023 एवं पत्र क्रमांक 3950/1252/ आउशि/सम/2023 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 01.06.2023 के अकादमिक कैलेन्डर का कडाई से पालन करना होगा।

(माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव

Scanned by TapScanne